मंगलवार 08 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



दबंगों ने स्कूल की जमीन पर कर लिया कब्जा, नहीं हो रही कार्रवाई

2



## पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल लोकसभा में पास, नियम तोड़ना पड़ेगा भारी

♦ बिल में प्रावधानों का उल्लंघन करनेवालों के लिए 50 करोड़ रुपये से लेकर 250 करोड़ रु. तक जुर्माने का प्रावधान

**एजेंसी/नई दिल्ली**

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2023 को लोकसभा में सोमवार को पारित कर दिया गया है। इस बिल में प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के लिए 50 करोड़ रुपये से लेकर मैक्सिमम 250 करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। खबर के मुताबिक, यह कानून भारत में लोगों के अधिकारों को बनाए रखते हुए डिजिटल डेटा को संभालने वाली संस्थाओं की जिम्मेदारियों को तय करता है। लोकसभा में मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच इस बिल को पारित कराया गया।



### विपक्ष बिल पर चर्चा करता तो अच्छा होता: केंद्रीय मंत्री

बिल को पेश करने के दौरान केंद्रीय सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, विपक्ष इस बिल पर चर्चा करता तो अच्छा होता लेकिन कोई विपक्षी नेता या सदस्य नागरिकों के अधिकार को लेकर चिंतित नहीं है। उन्होंने बताया कि यह बिल विस्तृत सार्वजनिक विचार विमर्श के बाद लाया गया है। इसकी भाषा बहुत आसान है और इसे एक सामान्य व्यक्ति भी समझ सकता है। उन्होंने उन सिद्धांतों की जानकारी दी जिन पर यह बिल आधारित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैधता के सिद्धांत के अनुसार, किसी व्यक्ति के डेटा को मौजूदा कानूनों के आधार पर लेना चाहिए। सीमित उद्देश्य के सिद्धांत के अनुसार, डेटा का इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए होना चाहिए जिसके लिए इसे लिया गया है।

### बिल का मकसद

इस बिल का मकसद पर्सनल डेटा की सुरक्षा के लिए एक बड़े लेवल का स्ट्रक्चर सेट अप करना है। यह स्ट्रक्चर देश भर में जमा किए गए पर्सनल डेटा तक अपने अधिकार क्षेत्र का विस्तार करता है। दोनों ही यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन डेटा का डिजिटलीकरण किया गया है। अगर डेटा प्रोसेसिंग भारत के बाहर होती है, लेकिन इसमें देश में लोगों को सामान या सर्विस देना शामिल है, तो बिल के नियम लागू होंगे।

### बिल में हैं ये विशेषताएं

यूजर्स डेटा से निपटने वाली संस्थाओं को पर्सनल डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होती है, भले ही इसे थर्ड पार्टी के डेटा प्रोसेसर के साथ कलेक्ट किया गया हो। अगर डेटा का उल्लंघन होता है तो कंपनियों को डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड और पीड़ित यूजर्स को तुरंत इसकी जानकारी देनी जरूरी है। बिल के मुताबिक, अभिभावकों के साथ नाबालिगों और व्यक्तियों के डेटा का प्रोसेस सिर्फ अभिभावकों की सहमति से किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि फर्मों को एक डेटा सुरक्षा अधिकारी नियुक्त करना और यूजर्स के साथ उनके कॉन्टैक्ट डिटेल शेयर करना जरूरी है।

## ज्योति मौर्य की बढ़ी मुश्किलें मांगा गया संपत्ति का ब्योरा

**पद का दुरुपयोग कर करोड़ों कमाई का आरोप**

**एजेंसी/प्रयागराज**

पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य को नोटिस जारी करके संपत्ति का ब्यौरा तलब किया गया है। उनकी प्रॉपर्टी, वाहन और खातों की जानकारी मांगी गई है। पति आलोक मौर्य के द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद गठित जांच कमेटी ने अपनी विवेचना शुरू कर दी है। इसी कड़ी में ज्योति मौर्य को नोटिस जारी कर संपत्ति का ब्यौरा मांगा गया है।

बताया जा रहा है कि कमिश्नर कार्यालय में वीडियो कैमरे की निगरानी में एसडीएम ज्योति मौर्य का बयान दर्ज किया जाएगा। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पति आलोक मौर्य की शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। जांच कमेटी ने नोटिस भेजकर उनकी संपत्ति का ब्योरा भी तलब किया है। उनके पति आलोक मौर्य ने आरोप लगाया है कि ज्योति मौर्य ने पद का दुरुपयोग कर करोड़ों का अवैध लेनदेन किया है। इस पैसे से उन्होंने कई स्थानों पर संपत्ति बनाई है और कई सेक्टर में निवेश किया है। लेनदेन के समर्थन में वह लिखापढ़ी के कागजात भी सौंपे गए हैं, जिसमें किस अधिकारी से कितना लेने का ब्यौरा अंकित किया गया था। शासन के निर्देश पर प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को इस प्रकरण की जांच सौंपी गई है। मंडलायुक्त ने अपर आयुक्त प्रशासन अमृतलाल बिंद, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पांडेय और एसीएम प्रथम जयजीत कौर की कमेटी गठित कर जांच शुरू करा दी है।

**जमीन और मकान की मांगी गई जानकारी:** नोटिस में जांच में सहयोग करने को भी कहा गया है। इसके पहले बयान दर्ज कराने के लिए दोनों को नोटिस भेजा गया है। जांच कमेटी की माने तो अगले हफ्ते दोनों के बयान दर्ज किए जा सकते हैं। कमिश्नर आफिस में दोनों का वीडियो कैमरे की निगरानी में बयान दर्ज कराया जाएगा।

## नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार के बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट की रोक

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में हिंसा के बाद राज्य सरकार के बुलडोजर एक्शन पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाईकोर्ट का आदेश आते ही डिप्टी कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने तुरंत अधिकारियों को कार्रवाई से रोक दिया। सरकार की डिमोलिशन ड्राइव का हाईकोर्ट ने सुओ-मोटो लिया था। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया ने रोक के आदेश दिए। नूंह में पिछले 4 दिन से तोड़फोड़ की कार्रवाई चल रही थी। इस दौरान 753 से ज्यादा घर-दुकान, शोरूम, झुग्गियां और होटल गिराए जा चुके हैं। प्रशासन ने इन्हें अवैध बताते हुए कहा कि इनमें रहने वाले 31 जुलाई की हिंसा में शामिल थे। नूंह में अब तक प्रशासन ने 37 जगहों पर कार्रवाई कर 57.5 एकड़ जमीन खाली कराई। इनमें 162 स्थायी और 591 अस्थायी निर्माण गिराए गए। नूंह शहर के अलावा पुन्हाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका और पिंगनवा जैसे इलाकों में भी अतिक्रमण हटाए गए। रविवार को प्रशासन ने हिंसा के दिन जिस 3 मंजिला सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई थी, उसे भी गिरा दिया था।

### दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में शामिल हुए पीएम नरेंद्र मोदी

## स्थानीय उत्पादों को और बढ़ावा दें : मोदी

♦ 9 वर्षों में खादी के उत्पादन में तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी

♦ बोले मोदी- देश अब एक स्वर में भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण जैसी बुराइयों से कह रहा है भारत छोड़ो

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नई दिल्ली में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में खादी के उत्पादन में तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है और खादी के कपड़ों की बिक्री भी पांच गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में खादी के कपड़ों की मांग बढ़ रही है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश अब एक स्वर में भ्रष्टाचार, वंशवाद की राजनीति और तुष्टिकरण जैसी बुराइयों से कह रहा है भारत छोड़ो। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद वस्त्र उद्योग (खादी) को मजबूत करने पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। आलम यह था कि इसे मरने के लिए छोड़ दिया गया। खादी पहनने वाले लोगों को हीन भावना से देखा जाता था। साल 2014 से हमारी सरकार इस स्थिति और सोच को बदलने में जुटी है।

पीएम ने कहा कि मैंने लोगों से खादी का कोई न कोई सामान खरीदने का निवेदन किया था। इसका नतीजा जो निकला उसके हम सभी साक्षी हैं। देश में खादी की बढ़ती लोकप्रियता पर कहा कि इसकी बिक्री अब बढ़कर 1.30 लाख करोड़ रुपये हो गई है जो 2014 से पहले करीब 25,000-30,000 करोड़ रुपये थी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि भारत के हथकरघा, खादी, कपड़ा क्षेत्र को विश्व गुरु बनाया जाए। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भारत मंडप में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को लेकर देश में एक नई क्रांति आई है। उन्होंने देशवासियों से आने वाले त्योहारों में स्थानीय उत्पादों को और बढ़ावा देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नव-मध्यम वर्ग का उदय हो रहा है, जो कपड़ा कंपनियों को बड़ा अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक जिला, एक उत्पाद पहल के माध्यम से विभिन्न जिलों में बने अनूठे उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है। गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तरह पूरे देश में एकता मॉल स्थापित किए जा रहे हैं। मोदी ने कपड़ा व फैशन उद्योग से अपना दायरा बढ़ाने और भारत को दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से योगदान देने का भी आह्वान किया।

### ई-पोर्टल की भी होगी शुरूआत

बता दें, कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एक ई-पोर्टल की शुरूआत भी करेंगे। वस्त्र और शिल्प से जुड़ी इस पोर्टल को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) ने तैयार किया है। कार्यक्रम में कपड़ा और एमएसएमई क्षेत्रों के 3000 से अधिक हथकरघा, बुनकर, कारीगर और हितधारक भाग लेंगे। वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, यह पोर्टल देश के सभी हथकरघा समूहों, निफ्ट परिसरों, बुनकर सेवा केंद्रों, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान परिसरों, राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, केवीआईसी संस्थानों और विभिन्न राज्य हथकरघा विभागों को एक साथ लाएगा।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल, भाजपा सांसद ने कसा तंज

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल कर दी गई। इसी पर कटाक्ष करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि चलो मनोरंजन वापस आ गया। इतना ही नहीं, भाजपा नेता ने सदन के अंदर भी राहुल की वापसी और कांग्रेस पर निशाने साधे। इसे लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की है।

गौरतलब है, 'मोदी सरनेम' मामले में सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक के बाद लोकसभा सचिवालय ने सदस्यता बहाल कर दी। बता दें, राहुल गांधी वायनाड से सांसद है। लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद सोमवार को राहुल गांधी संसद में पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया तो वहीं भाजपा नेताओं ने तंज कसे।

दरअसल, संसद के बाहर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे से पत्रकारों ने सवाल किया कि राहुल गांधी ने कई बार कहा है कि सदन में कहने को उनके पास बहुत कुछ है। इस पर दुबे ने कहा कि मनोरंजन वापस आ गया है। अच्छा होगा कि हम और आप इसका मजा लें।







## जनता दरबार में मुख्यमंत्री ने 72 फरियादियों की समस्याएं सुनीं

# दबंगों ने स्कूल की जमीन पर कर लिया कब्जा, नहीं हो रही कार्रवाई

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फरियादियों की समस्या सुनने के बाद तुरंत कार्रवाई करने का दिया निर्देश
- जनता दरबार में आए फरियादियों की सीएम से मिलकर न्याय की जगी आस



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री के जनता दरबार में नीतीश कुमार ने सोमवार को 72 फरियादियों की समस्याएं सुनीं. जमीन संबंधी और आपराधिक मामले ज्यादा आए। कहीं स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही तो कहीं जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है। नालंदा से पहुंचे एक फरियादी की शिकायत सुनकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चौंक गए। मामला नालंदा से जुड़ा था इसलिए नीतीश कुमार ने और ध्यान से सुना। दरअसल पूरा मामला जमीन पर अवैध कब्जा से जुड़ा था। स्कूल की जमीन पर ही दबंगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। नालंदा के नूरसराय स्थित बेगमपुर गांव से संजय कुमार सिंह शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बेगमपुर में एक पुस्तकालय की जमीन थी जिसको कुछ दबंगों ने तोड़कर घर बना लिया। सीओ साहब को बोलकर थक गए लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने अपने पास खड़े अधिकारी से कहा कि राजस्व विभाग को फोन लगाओ। पूरी जानकारी देते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि दिखाइए इसको। जब नालंदा में यह सब हो रहा है तब तो इसको ठीक से देखिए।

**दबंगों ने जमीन पर कब्जा कर घर तोड़ दिया:** जनता दरबार में दरभंगा से एक महिला पहुंची। उसने बताया कि कुछ दबंगों ने लॉकडाउन के समय में ही उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया। उसके घर को भी तोड़ दिया था। स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। समस्या सुनकर उन्होंने तुरंत अपर मुख्य सचिव को बुलाया और कहा कि इसे तुरंत दिखाइए। जितनी जल्दी हो कार्रवाई करवाइए। वहीं किशनगंज से पहुंचे बसंत कुमार सिंह नाम के शख्स ने कहा कि उसके एटीएम कार्ड से फर्जी तरीके से पैसे निकाल लिए गए हैं। वह जब पैसा निकालने पहुंचे थे तो तीन ठग पहले से मौजूद थे। वहीं एटीएम कार्ड बदल लिया और फिर मेरे खाते से भी 42 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस कोई एक्शन नहीं ले रही। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को कॉल किया और कहा तुरंत दिखाइए इनका पैसा खाते से चला गया है।

## बिहार म्यूजियम बिनाले का सीएम ने किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार म्यूजियम बिनाले का उद्घाटन किया। इस दौरान नीतीश ने जरूरी चीजों को लिखित रिकॉर्ड में रखने की बात कही। उन्होंने कहा, हम कहते हैं कि अक्सर पेपर का इस्तेमाल किया जाए, क्योंकि टेक्नोलॉजी तो पृथ्वी के नाश होने के साथ खत्म हो जाएगी। हम तो खुद 73 साल के हो गए हैं। अब जाने वाले हैं। आने वाली जनरेशन के लिए इन सब चीज को बचा कर रखना है। कहा, हम बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम दोनों में सुविधाओं को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इन लोगों से कह दिए है कि सब काम करिए। पैसा मत देखिए, हम तो इनका हाथ जोड़े रहते हैं, ताकि जल्दी बना दें।

## नवादा में चल रहा था धर्म परिवर्तन का खेल वीएचपी ने दी चेतावनी

**नवादा।** नवादा में धर्म परिवर्तन का एक बड़ा खेल खेला जा रहा है। इसका उजागर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किया गया है। जहां नवादा नगर के गोनावां गांव में लगभग 150 महिला पुरुष बच्चे को धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। जहां बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने अचानक धर्म परिवर्तन कराने वाले स्थान पर धावा बोल दिया। जिसके बाद धर्म परिवर्तन करवाने वाले लोगों में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया।

उसी दौरान बजरंग दल के द्वारा केरला के रहने वाले थे सेजू नामक एक व्यक्ति को तुरंत पकड़ लिया गया था। जिसके बाद बजरंग दल व हिंदू परिषद के द्वारा जमकर फटकार लगाई गई और केरल से नवादा पहुंचे धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों एक व्यक्ति को चेतावनी भी दी गई है कि पहली बार है छोड़ देते हैं। दूसरी बार बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद अपने तरीका से सख्ती से पालन करेगा। बजरंग दल ने बताया केरला से पहुंचे सेजू नामक व्यक्ति को समझा-बुझाकर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। बजरंग दल के विभागीय संयोजक विनय भाई ठाकरे ने कहा कि बड़े पैमाने पर इन लोगों के द्वारा एक रैकेट चलाया जा रहा है। जिस का भंडाफोड़ किया गया है। हिंदू धर्म को ठेस पहुंचाने का काम यह लोगों के द्वारा किया जा रहा है। तबीयत खराब पैसा आदि कई तरह का प्रलोभन दिया जाता है। और फिर धर्म परिवर्तन करवाया जाता है।

# जांबाज आईपीएस अधिकारी राकेश कुमार को मिला डीजी का सिल्वर डिस्क और प्रशस्ति पत्र

## नक्सल विरोधी अभियान का सफल नेतृत्व करने पर हुए सम्मानित

- जून 2022 में गया जिले में सर्च ऑपरेशन चलाकर बड़े नक्सली नेता अशोक सिंह भोक्ता को किया था गिरफ्तार
- बेहतर सूझबूझ और ठोस रणनीति के कारण ही कब्जे में आ सका था नक्सली नेता



**केटी न्यूज/पटना**

गया जिले में एक ही परिवार के चार लोगों की जान लेने, लेवी वसूलने समेत अन्य कई वारदातों को अंजाम देनेवाले एक बड़े नक्सली नेता अशोक सिंह भोक्ता को गया के तत्कालीन सिटी एसपी राकेश कुमार के नेतृत्व में 26 जून 2022 को गिरफ्तार किया गया था। इस जाबांज पुलिस अधिकारी की बेहतर सूझबूझ और ठोस रणनीति के कारण ही दुर्दांत नक्सली कब्जे में आ सका। अभियान को बेहतर तरीके से अंजाम देनेवाले तत्कालीन सिटी एसपी व अपर निदेशक, सह सहायक राज्य अग्निशमन पदाधिकारी राकेश कुमार को फ्रंटियर हेडक्वार्टस, पटना के आईजी पंकज दारद ने महानिदेशक सशस्त्र सीमा बल की सिल्वर डिस्क और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

प्रशस्ति पत्र ग्रहण मिलने के बाद कमांडेंट राकेश कुमार ने केशव टाइम्स से गया में चलाए गए सर्च अभियान से जुड़ी बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि नक्सली अशोक सिंह भोक्ता अपने साथियों के साथ मिलकर इलाके में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इसी सूचना पर सिटी एसपी राकेश कुमार के नेतृत्व में इमामगंज डीएसपी अजीत कुमार, इमामगंज थानाध्यक्ष, टेक्निकल सेल, एसएसबी, सीआरपीएफ, एसटीएफ के साथ पुलिस की टीम ने गया जिले के इमामगंज के दुखदपुर गांव में जॉइंट ऑपरेशन चलाया। नक्सलियों के सटीक ठिकानों का पता लगाकर हमारे जवानों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया था। हमें नक्सलियों की तरफ से गोलीबारी का पूरा अंदेशा था लेकिन हमारी वार्निंग और खुद को घेरे जाने की बात को भांपते हुए उन्होंने गोली नहीं चलाई। इस दौरान एक घर से नक्सली नेता अशोक सिंह भोक्ता को गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान नक्सलियों के ठिकाने से चाइना निर्मित एके-56 असाल्ट राइफल के अलावे एके-47 असाल्ट राइफल और इंसाफ राइफल सहित भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही डेटोनेटर, एक लाख 14 हजार रुपये और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूली के कागजात बरामद किए गए थे। हालांकि, अंधेरे का लाभ उठाकर नक्सलियों का दस्ता मौके से भाग निकलने में सफल रहा।




## खबरें फटाफट

### नावानगर में पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस ने थाना के सामने मुख्य सड़क पर सोमवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहनों की डिक्की व हेलमेट समेत अन्य अन्य कागजात की सघन जांच की गई। जांच में त्रुटिपूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट के वाहन चालकों से जुमार्ने की राशि वसूली गई। साथ ही बाइक चालकों को आगे से बिना कागजात व हेलमेट के सफर नहीं करने की हिदायत थाना के अधिकारियों ने दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहन चालकों की सघन जांच की गयी। वहीं त्रुटि पूर्ण कागजात व बगैर हेलमेट वाले सात बाइक चालकों से 500 रुपये की दर से 3500 रुपए जुमार्ने की राशि वसूल की गयी। वाहन चेकिंग अभियान में एसआई पूजा कुमारी के आलावे कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### 15 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिमरी।** सिमरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के बलिहार गांव के पास से गुप्त सूचना पर एक बाइक से शराब की डिलीवरी देने जा रहे दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 15 लीटर देशी शराब भी बरामद किया गया है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के साथ ही उनकी बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार कारोबारियों की पहचान स्थानीय गांव के अनुराग कुमार व चंदन कुमार के रूप में की गई है। सिमरी पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी बाइक से शराब की डिलीवरी देने जा रहे है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने बलिहार गांव के पास से दोनों को पकड़ लिया और तलाशी लेने पर बाइक पर रखे गैलन से 15 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुआ।

## खुलासा : 32 हजार रुपए, दो बाइक व पांच मोबाईल फोन बरामद

# करीबी ही निकला सीएसपी संचालक से लूटकांड का मास्टरमाइंड, चार गिरफ्तार

- बक्सर एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर किया मामले का खुलासा
- मास्टरमाइंड पुराना भोजपुर का धन्नु कुमार है, जो सीएसपी संचालक का पूर्व परिचित है
- मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



3 अगस्त को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढकाईच के पास हुए एसबीआई के सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल से लूटकांड का मास्टर माइंड उसका करीबी निकला है। पुलिस ने इस लूटकांड में शामिल चार लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 32 हजार रूपए, घटना में प्रयुक्त दो बाइक तथा पांच मोबाईल भी बरामद हुए हैं। एसपी मनीष कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस लूटकांड का मास्टरमाईड नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर का धन्नु कुमार है, जो सीएसपी संचालक का पूर्व परिचित है तथा उनके घर न सिर्फ आता जाता रहा है बल्कि सीएसपी संचालक उस पर भरोसा भी करते थे। कई बार वह सीएसपी संचालक के रूपयों को भी उनके घर ले जाकर देता था। इस दौरान वह उनकी गतिविधियों से वाकिफ हो गया था तथा अपने कुछ साथियों के साथ मिल 3 अगस्त को दोपहर 11.30 बजे छोटका ढकाईच के पास एनएच 922 पर उनसे हथियार के बलपर 3.68 लाख रूपए लूट लिए थे। इस घटना के बाद एसपी ने तत्काल डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया। टीम में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार, नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार, डीआईयू प्रभारी युसुफ अंसारी, कृष्णाब्रह्म थाना के एएसआई राधामोहन सिंह तथा डीआईयू टीम को शामिल किया गया था। इस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए तीन दिनों के अंदर ही लूटकांड में शामिल लूटेरों की शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार लूटेरों में पुराना भोजपुर के विशाल चौधरी पिता राकेश चौधरी, सुनील कुमार पिता जगनारायण चौधरी, बक्सर टाउन थाना क्षेत्र के बारी टोला के विक्रम कुमार पिता गोविंद प्रसाद तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआरी के कृष्णा कुमार उर्फ सूर्या पिता नारद सिंह शामिल है। जबकि मुख्य साजिशकर्ता धन्नु समेत अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त यामाहा की आर-15 व लाल रंग की अपाची बाइक तथा पांच मोबाईल भी बरामद किया है।

**क्या कहते हैं एसपी:** एसपी मनीष कुमार ने कहा कि सीएसपी संचालक से लूटकांड के उद्भेदन के लिए डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। इस टीम ने वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान कर लूटकांड में शामिल चार लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूट के 32 हजार रूपए, दो बाइक व पांच मोबाईल बरामद हुआ है। मुख्य साजिशकर्ता सीएसपी संचालक का पूर्व परिचित है। वह फरार चल रहा है। उसे भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में बहन मायावती को पीएम बनाने की कार्यकताओं ने भरी हुंकार

**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को नगर भवन में बहुजन समाज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्धघाटन बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं कांशीराम के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रदेश प्रभारी लालजी मेधानकर एवं सुरेश राव मौजूद थे।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने कहा बक्सर के साथ साथ देश का इतिहास लिखने के लिए आप और हम सब बसपा के अनुशासित सिपाही तैयार हैं। हर हाल में हमलोग पूरी ताकत लगाकर आने वाले लोकसभा चुनाव में बिहार से दर्जनों सांसद को जिताकर बहनजी की झोली में डालना है और दिल्ली की कुर्सी पर बैठाना है। उन्होंने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार सिर्फ एक दूसरे के दोषारोपण में लगी है। केंद्रीय राज्य प्रभारी लालजी मेधांकर



ने कहा कि देश और राज्य की सरकार लगातार गरीबों, किसानों, मजदूरों, शोषितों के साथ अन्याय कर रही है। राज्य प्रभारी एडवोकेट सुरेश राव ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता के जुनून और उत्साह एवं बहन मायावती के प्रति समर्पण को देखकर मैं यह निश्चित रूप से यह कह सकता हूं कि आनेवाले चुनावो में बहुजन समाज पार्टी बक्सर समेत पूरे बिहार से दर्जनों सीट जिताकर बहनजी को दिल्ली की गद्दी पर आसीन करेगी।

## नाइट गार्ड हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के कोरानसराय पुलिस ने रविवार की रात क्षेत्र के बसगितिया गांव में छापेमारी कर हत्याकांड के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ईंट भट्ठा पर काम करने वाले नाइट गार्ड की हत्या मामले में फरार चल रहा था। आरोपी बसगीतिया गांव का रहने वाला अभिषेक कुमार सिंह उर्फ छोटू बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि कुछ महीना पहले बसगितिया निवासी व रामपुर के पास ईंट भट्ठे पर बतौर नाईट गार्ड ड्यूटि की अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी थी। इस मामले में आरोपी पर मृतक के परिजनों ने नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। जबकि आरोपी घर छोड़कर फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि कोरानसराय थाना क्षेत्र के बसगितिया गांव निवासी सत्येंद्र यादव डुमरांव-केसठ नहर मार्ग के किनारे स्थित रायल ईंट भट्ठा पर नाइट गार्ड के रूप में कार्यरत था। पिछले वर्ष 13 दिसंबर की रात अपने घर से ईंट भट्ठा जाने के दौरान रास्ते में घात लगा कर बैठे अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

## एक नजर

### सोमवारी पर शिवालयों में गूंजता रहा हर हर महादेव, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



डुमरांव। पवित्र सावन मास व अधिमास की पांचवीं सोमवारी पर विभिन्न शिवालयों में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया है। शिवभक्तों की भीड़ अहले सुबह से ही शिवालयों में जुटने लगी थी। इस दौरान शिवभक्त जलाभिषेक के साथ ही भांग, धतूर, विल्व पत्र, शमी पत्र, चंदन, रोरी, दूब आदि से महादेव की पूजा अर्चना कर रहे थे। भक्तों के आकर्षण का केन्द्र अनुमंडल के ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्महेश्वरनाथ मंदिर था। जहां सुबह से ही जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वही डुमरांव के जंगलीनाथ षिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ दोपहर तक लगी रही। इसके अलावे महरौरा शिव मंदिर व लंगटू महादेव मंदिर भी भक्तों से गुलजार रहा। डुमरांव के अलावे घने वन में स्थित कचईनिया के कंचनेश्वर शिव मंदिर, मुगांव के मुंगेश्वरनाथ शिव मंदिरों के साथ ही अन्य शिवालयों में भी सोमवारी पर बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया है। वही मंदिर परिसर में पूजा सामग्री व फूल विक्रेताओं की दुकानें भी सजी थी।

### कायस्थ परिवार कल मनाएगा आचार्य शिवपूजन सहाय की 130वीं जयंती




**बक्सर।** जिले के कायस्थ परिवार के संयोजक सुमन श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला कार्यालय में एक बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से आचार्य शिवपूजन सहाय की 130वीं जयंती समारोह 9 अगस्त को रेड क्रॉस के सभागार मनाने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय किया गया। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मदन मोहन श्रीवास्तव, महासचिव राजेश कुमार सिन्हा, सचिव प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष वैदेही श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी सह मीडिया प्रभारी विनय कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री रजनीश श्रीवास्तव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवं अन्य कायस्थ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।




## गुणवत्ता पर उठे सवाल: केसठ के रामपुर पंचायत में बनाया गया है छात्रावास

# जिस पिछड़ा वर्ग के छात्रावास का मंत्री ने किया उद्घाटन, उसकी दीवारों में दरार

**केटी न्यूज/केसठ**

सोमवार को रामपुर पंचायत में बने पिछड़ा वर्ग के छात्रों के छात्रावास का मंत्री ने उदघाटन किया उसकी दीवारें उदघाटन से पहले ही जर्जर हो गई हैं। दीवारों में दरारे पड़ गई है। जिससे निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। जाहिर है संवेदक ने इस छात्रावास का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं करवाया है। छात्रावास की चटकी दीवारे निर्माण की गुणवत्ता की कलई खोल रही है।

बता दें कि राज्य सरकार के निर्देश पर कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा व अतिपिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए करीब 42 करोड़ की लागत से 40-40 कमरों वाले दो छात्रावासों का निर्माण करवाया गया है। यह जिले में पिछड़ा व अतिपिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं का इकलौता छात्रावास है। सोमवार को ही पिछड़ा अतिपिछड़ा वर्ग मंत्री अनिता देवी ने वर्चुअल तरीके से इसका उदघाटन किया। लेकिन इसके पहले ही दोनों छात्रावासों के कमरों की दीवारों में दरारें पड़ गई है। जानकारों की मानें तो छात्रावास निर्माण में संवेदक द्वारा जमकर घटिया, सिमेंट व बालू का प्रयोग करवाया गया है। जिस कारण उदघाटन के पहले ही दीवारों में दरारें पड़ गई है। उदघाटन के मौके पर पहुंचे जिला कल्याण पदाधिकारी ने भी इसे देखा और गंभीर मामला बताते हुए डीएम से इसकी शिकायत करने की बात कही। इधर दीवारों में पड़ी दरारों पर मीडिया की नजर पड़ते ही संवेदक तथा संबंधित लोग मैनेज के प्रयास में जुट गए थे। मजे की बात है कि दीवारों में दरारें पड़ने के बावजूद विभाग द्वारा इसका उदघाटन तक करा दिया गया। ऐसे में इस छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं की जान भी खतरें में पड़ सकती है।





**उदघाटन के मौके पर उपस्थित थे कई गणमान्य:** उदघाटन के मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी अजय कुमार गुप्ता, बीडब्ल्यूओ मुख्यालय संजय कुमार, बीडब्ल्यूओ केसठ धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। यह छात्रावास 720 बच्चों के लिए बनाया गया है। लेकिन इसमें तत्काल पिछड़ी अति पिछड़ी जाति वर्ग के 40 बच्चियों का नामांकन किया गया है। 38 बच्चे हैं जिनके लिए पढ़ाई होगी। बच्चियों को खाने-पीने पठन-पाठन आदि व्यवस्थाएं सरकार की तरफ से उपलब्ध रहेगा।

**क्या कहते है कल्याण पदाधिकारी:** निर्माण के बाद दीवारों में दरारें पड़ना गंभीर मामला है। इसकी शिकायत डीएम से की जाएगी। दोषी लोगों पर कार्रवाई होगी। **– अजय कुमार गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, बक्सर**

## भाजपा के टिफिन परिचर्चा में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे

**डुमरांव।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी बक्सर द्वारा डुमरांव के वुड स्टॉक स्कूल में टिफिन परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री अश्विनी कुमार चौबे उपस्थित हुए। जिसकी अध्यक्षता बक्सर भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने किया व संचालन युवा मोर्चा के अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने किया। मौके पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री चौबे ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं को प्रधानमंत्री जी के जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों के बीच लेकर जाना है और उन्हें बताना है तथा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराना है। विदित हो कि डुमरांव स्टेशन पर 17 करोड़ से अधिक की राशि से होने वाले जीर्णोद्वार कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया इस कार्यक्रम के दौरान डुमरांव में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे साथ ही उन्होंने कहा कि आज कार्यकताओं में समरसता के भाव को स्थापित करने के लिए टिफिन बैठक आयोजित की गई थी।

## एक नजर

### बक्सर में चेतावनी बिंदू से मात्र 1.07 मीटर दूर रह गई है गंगा, तेजी से बढ़ रहा जलस्तर



**बक्सर।** बक्सर में बाढ़ का खतरा अब तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार को भी गंगा के बढ़ने का रफ्तार जारी रहा। सोमवार की सुबह तक जहां जलस्तर 57.750 था वही शाम करीब सवा पांच बजे यह 58.250 मीटर पर पहुंच गया है। जो चेतावनी बिंदू 59.32 मीटर से मात्र 1.07 मीटर कम रह गया है। हालांकि सुबह में जहां जल स्तर बढ़ने का रफ्तार 5 से 6 सेमी प्रतिघंटा था तो दोपहर बाद 3 बजे से रफ्तार घटकर 4 सेमी प्रति घंटा हो गया है। सोमवार की शाम तक रामरेखा घाट की कई सीढ़िया डूब गई। पानी अब धीरे धीरे विवाह मंडप की ओर बढ़ रहा है। बाढ़ का खतरा बढ़ने के साथ ही बाढ़ ग्रसित क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### उमस भरी गर्मी में जारी है बिजली की कटौती

**बक्सर।** उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सुबह से लेकर रात तक हर दिन बिजली की आंख मिचौली बदस्तूर जारी है। लोगों की शिकायतों के बाद भी बिजली के आने जाने का खेल हर दिन जारी रह है। उमस भरी गर्मी के कारण लोग पहले से ही परेशान हैं ऐसे में बिजली की कटौती लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। लोगों में इस बात का रोष है कि बिजली के आने और जाने का कोई टाइमटेबल नहीं है। दिन भर में कई बार बिजली कटौती की जा रही है।

# बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन कर निकाला नौ किग्रा का ट्यूमर

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय गोलंबर के समीप विश्वामित्र अस्पताल ने एक बार फिर ट्यूमर का ऑपरेशन कर बुजुर्ग महिला की जान बचाई। लगभग तीन घंटों तक चले इस ऑपरेशन के बाद लगभग 9 किग्रा के दो ट्यूमर निकाला गया। जिसके बाद बुजुर्ग महिला की ठीकठाक स्थिति में इलाज किया जा रहा है।

इस संबंध में विश्वामित्र अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक सह जेनरल सर्जन डॉ. राजीव झा ने बताया कि पिछले दिनों जिले के धनसोई थाना अंतर्गत भिखम डेरा निवासी केदार सिंह की 80 वर्षीय पत्नी कलावती देवी को लेकर आए थे। उनके परिजनों के अनुसार उनकी पत्नी को पिछले छह



◆ **विश्वामित्र अस्पताल में हुआ ट्यूमर का सफल ऑपरेशन**

माह से पेट की बीमारी है। जिसके कारण उनका खाना नहीं पचता था और कभी कभी खाने के बाद उल्टी शुरू हो जाती थी। साथ ही, उनकी पेट में हमेशा दर्द बना रहता था। कई जगह इलाज कराया गया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उनकी उचित जांच की गई। जिसमें उनके बच्चेदानी की ओवरी के दोनों ओर ट्यूमर पाया गया। हालांकि, 80 वषीर्या बुजुर्ग महिला का ऑपरेशन काफी जटिल होता है, लेकिन परिजनों की सहमति और डॉक्टरों की टीम के भरोसे के साथ उनके ट्यूमर का सफल



ऑपरेशन किया गया। डॉ. झा ने बताया कि तीन माह पहले भी आठ किग्रा का ट्यूमर निकाला गया था। इससे पता चलता है कि ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग बीमारियों को लेकर सचेत नहीं रह रहे हैं। जो बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन दल में उनके साथ डॉ. यूके सिंह एवं नर्सिंग टीम थी।

# एकौनी में गंभीर हुई पेयजल की समस्या, लोगों की बढ़ी परेशानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अटांव पंचायत के वार्ड 13 स्थित एकौनी गांव के दर्जनों परिवारों के समक्ष पिछले एक पखवाड़े से पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है। इस वार्ड में हर घर नल योजना की आपूर्ति ठप होने तथा सरकारी चापानलों के खराब होने से गरीब परिवारों के समक्ष पेयजल की समस्या गंभीर हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिनके घरों में मोटर लगा है उन्हें तो पानी मिल जा रहा है लेकिन अधिकांश घरों में लगे निजी नलकूप भी फेल हो गए है। जिस कारण सुबह से ही ग्रामीणों को पेयजल की तलाश में भटकना पड़ रहा है। सोमवार को गांव के दिव्यांग विशोकाचंद ने बीडीओ को आवेदन दे जलापूर्ति बहाल कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी भी दिव्यांग है। जबकि गांव में पिछले एक पखवाड़े से हर घर नल योजना की आपूर्ति ठप है। वही सरकारी चापाकल भी खराब हो गए है। वही सोमवार को ग्रामीण



निर्मल चंद, भरत चंद, दयानंद चंद, रामबच्चन शर्मा, मनोज साह, लक्ष्मण चौधरी, मनीषा देवी, बुधिया देवी, सुरेन्द्र सिंह, हरेराम चंद, काशी साह आदि ने इस मसले पर मीडिया के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जलापूर्ति व्यवस्था बहाल करने में पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय प्रशासन उदासीन बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण प्रखंड कार्यालय पहुंच धरना प्रदर्शन करेंगे। वही इस मामले में बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि शिकायत मिली है। इसकी जांच करा शीघ्र जलापूर्ति बहाल कराई जाएगी।



## सफलताः असलहा बरामदगी के मामले में तस्करी की जांच में जुटी भोजपुर पुलिस

# वारदात को अंजाम देने से पहले हथियार और गोलियों के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

केटी न्यूज/आरा

जिले के जगदीशपुर थाना की पुलिस को रविवार की देररात बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की सक्रियता की बदौलत आपराधिक वारदात को अंजाम देने से पहले ही एक शख्स हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया। जो जगदीशपुर थाना क्षेत्र के संगम टोला गांव निवासी विभूति भूषण उर्फ संतोष कुमार सिंह है। उसके पास से पुलिस ने दो देसी राइफल और 29 गोलियां बरामद की है। जिसमें एक राइफल लाइसेंसी बतायी जा रही है। हालांकि पुलिस को उसके कागजात उपलब्ध नहीं हुए हैं। जिसकी जांच की जा रही है।

इस संबंध में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि रविवार की सूचना मिली कि संगम टोला में आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नियत से एक व्यक्ति हथियार के साथ घूम रहा है। जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी को एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।



■ दो देसी राइफल और 29 गोलियां बरामद, बोले एसपी... एक रायफल लाइसेंसी, नहीं मिले कागजात

टीम ने तत्काल छापेमारी कर विभूति भूषण उर्फ संतोष कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दो देसी राइफल और 29 गोलियां बरामद की गयी। उससे पूछताछ कर हथियार लेकर घूमने का कारणों की जानकारी ली जा रही है। वहीं, यह भी पता लगाया जा रहा है कि उसने राइफल और गोलियों कहां से मंगायी है। साथ ही, उसके मोबाइल को खंगाला जा रही है। इधर, हथियार और गोलियों की बरामदगी को लेकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। टीम में थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### हथियार तस्करी की भी जांच कर रही पुलिस



हथियार बरामदगी की पुलिस तस्करी के एंगल से भी जांच कर रही है। उसके लिए पुलिस द्वारा गिरफ्तार विभूति भूषण उर्फ संतोष कुमार सिंह के मोबाइल को खंगाला जा रहा है। पुलिस उसके जरिये उसके संपर्क सूत्र को तलाश रही है। एसपी ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है। अवैध रूप से हथियार और गोली की बिक्री की बात सामने आती है, तो उन लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ गिरोह का एक अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** सिन्हा ओपी की पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का खुलासा किया है। जिसमें गिरोह के एक अपराधी को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़ा गया बदमाश धोबहां ओपी क्षेत्र के बसंतपुर गांव का राहुल यादव है। वाहन चेकिंग के दौरान उसे रविवार की शाम सिन्हा बांध के पास गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से बरामद बाइक पिछले अप्रैल में आरा के धरहरा से चोरी गयी थी। उसने बाइक चोरी की अन्य घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि सिन्हा ओपी इंचार्ज राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस रविवार की शाम बांध के पास नियमित वाहन चेकिंग कर रही थी। तब पुलिस को देख बाइक सवार एक युवक भागने की कोशिश करने लगा। हालांकि पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ व छानबीन में बाइक चोरी की निकली। जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त बाइक को चोरी की अन्य घटनाओं में इस्तेमाल करता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस चोरी की अन्य बाइक की बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही है।

## एक नजर

### संगठन को मजबूत करने पर बल

**जहानाबाद।** जदयू जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा जी के अध्यक्षता में जदयू के विधानसभा प्रभारी, प्रखंड प्रभारी एवं प्रखंड प्रभारी का बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता मगध प्रमंडल प्रभारी विद्यानंद विकल ने संगठन को मजबूत करने के पंचायत स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया। पंचायत स्तर पर संगठन को आगे बढ़ाते हुए जिले के हर 88 पंचायतों में महादलित टोला में 15 अगस्त को झंडोतोलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, जिला के सभी पंचायतों में ग्रामसंसद का आयोजन किया जाएगा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व विकास कार्यों कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक लोगो को जागरूक करने का आवाह्न किया गया। वहीं, संगठन को धारदार बनाते हुए जिले के हर पंचायत में 15 अगस्त से 31 अगस्त तक ग्राम संसद का आयोजन कर सरकार के योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का काम करने का आह्वान किया गया। इस बैठक में विधानसभा प्रभारी शत्रुघ्न पासवान, रविन्द्र पटेल, पूनम कुशवाहा, महेंद्र कुमार सिंह, कौशलेंद्र वर्मा,जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु, गुलाम मुर्तजा अंसारी, नरेंद्र किशोर सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### स्वतंत्रता दिवस व स्थापना दिवस की तैयारी तेज

**अरवल।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस एवं स्थापना दिवस को लेकर बैठक संपन्न हुई। जिसमें बताया गया कि गांधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण 8:30 बजे पूर्वाहन, प्रखण्ड परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख एवं डॉ0 अम्बेडर के प्रतिमा पर माल्यार्पण 8:40 बजे पूर्वाहन, मुख्य समारोह स्थल गाँधी मैदान में 9 बजे आयोजित किया गया है।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन 2 बजे से होगा।झंडोतोलण का कार्य सबसे पहले सरकारी कार्यालय के बाद पुलिस लाईन, गांधी मैदान एवं अंत में महादलित टोला में किया जायेगा। इस अवसर पर अरवल जिले के स्वतंत्रता सेनानियों को गांधी मैदान में सम्मानित किया जायेगा एवं वैसे स्वतंत्रता सेनानी जो कार्यक्रम में नहीं आ पायेंगें, वरीय पदाधिकारियों द्वारा उन्हें उनके घर पर सम्मानित किया जायेगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सी डी एस को निर्देश दिया गया कि बच्चो को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अरवल जिले के वैसे बच्चें जिन्होंने किसी खेल कूद प्रतियोगिता में जिला का नाम रौशन किया है, उन्हें भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जायेगा साथ ही अपनी कार्यशैली से प्रभावित करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को भी सम्मानित किया जायेगा।ज्ञात हो कि अरवल जिले में जातीय जनगणना की प्रक्रिया युद्ध स्तर पर चल रही है, इसमें बढ़िया काम करने वाले शिक्षकों, पर्यवेक्षकों का भी सम्मानित किया जायेगा। स्थापना दिवस के अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा प्रभातफेरी का जुलूस निकाला जायेगा इसके अलावा 20 अगस्त को जिला प्रशासन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। ज्ञात हो कि इस अवसर पर स्मारिका का प्रकाशन किया जाता है जिसमें कोई भी व्यक्ति अरवल के सामाजिक, ऐतिहासिक व भौगोलिक विषयों से संबंधित अपनी लेखनी संबंधित विभाग को एक सप्ताह के अन्दर दे सकते है। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो कासीम, अपर समाहर्ता संजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



## स्कूल अवधि के दौरान कोचिंग संस्थानों का संचालन न होः डीएम

**जहानाबाद।** डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले में कोचिंग संस्थानों के संचालन के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में कोचिंग संस्थानों के संचालकों के साथ वार्ता की गई।

जिला पदाधिकारी ने सभी कोचिंग संचालकों को संबोधित करते हुए बताया गया कि विद्यालय संचालन की अवधि यथा प्रातः 09:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक है, इस अवधि में कोचिंग संस्थानों का संचालन किया जा रहा है, जिससे कि सरकारी विद्यालयों में उपस्थिति प्रभावित होती है। इसका कालखण्ड में इन विद्यार्थियों के लिए कोचिंग का संचालन विद्यालय अवधि में न किया जाए। ऐसी भी सूचना मिली है कि कोचिंग संस्थानों में सरकारी विद्यालयों के शिक्षक विद्यालय अवधि के दौरान ही कक्षा का संचालन करते है, जो उचित नहीं है, जिसके लिए निदेश दिया गया कि उक्त अवधि में कोचिंग संस्थानों में पठन-पाठन कार्य बंद होना चाहिए। वैसे संस्थान जो सरकारी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संचालित किया जा रहा है, वैसे कोचिंग संस्थानों की सूचना जिला पदाधिकारी के समक्ष देने का निदेश दिया गया।

## युवक की आहर में डूबने से मौत

**आरा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली गांव स्थित आहर में डूबने से भैंस चराने गए एक युवक की मौत हो गयी। मृतक बनौली गांव निवासी स्व. अवध बिहारी सिंह का बेटा सुनील कुमार था। उसके चचेरे भाई अजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की शाम वह भैंस चराने के लिए बधार की ओर गया था। वापस आने के दौरान उसकी भैस आहर में चली गयी। तब वह भैस को बाहर निकालने के लिए वह आहर में गया था। उसी दौरान वह आहर में डूब गया। उसके बाद रास्ते से गुजर रहे चरवाहों ने देखा कि उसकी लाठी पानी में तैर रही है। उसके बाद चारवाहे द्वारा परिजनों को घटना की सूचना दी गयी। तब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उसके शव को बाहर निकाला गया।

## बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत


केटी न्यूज/आरा

जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव के समीप आरा-बक्सर हाइवे पर सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला। जिसमें बुरी तरह जख्मी छात्र ने इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। घटना को लेकर देर रात अफरातफरी मची रही। मृत छात्र शाहपुर थाना क्षेत्र के बरिसवन गांव निवासी शिव भजन पासवान का बेटा धन्नू पासवान बताया जा रहा है। जो स्नातक का छात्र था। वहीं, छात्र का शव देख उसके ममेरे भाई की तबीयत बिगड़ गयी। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।



मृतक की मामी आशा देवी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह उनके घर नवादा थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ आया था। दोपहर में वह उन्हें पहुंचाने बाइक से सदर ब्लॉक गया था। वहां से वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान बामपाली गांव के समीप सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उसे रौंद डाला। उसके बाद स्थानीय लोगों और गजराजगंज ओपी की गश्ती पुलिस ने इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल लाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद सदर अस्पताल में मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इधर, मौत कई सूचना पर अस्पताल पहुंचे छात्र ममेरे भाई ओम प्रकाश की तबीयत काफी बिगड़ गयी। वह छात्र का शव देख बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।



# शराब के साथ बक्सर, भोजपुर व सासाराम के आठ तस्कर बलिया में गिरफ्तार

- जब्त की गई शराब व वाहन की कीमत 30 लाख रुपए

**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी व चितबड़ागांव थाना पुलिस को सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने अंतर प्रान्तीय शराब तस्करी गिरोह 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके कब्जे से 4176 पाउच फ्रुटी, 144 पाउच ग्रीन लेवल अंग्रेजी शराब व 3 चार पहिया वाहन बरामद किया है। बरामद शराब व वाहन की कीमत लगभग 30 लाख है।



अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि सोमवार की सुबह एसएचओ चितबड़ागांव राम सजन नागर मय हमराह कां. विनोद चौहान, सत्यप्रकाश पटेल, अभिषेक सिंह तथा उप निरीक्षक चन्द्रशेखर यादव मय हमराह कां. विजयशंकर यादव, कार्तिकेय मिश्रा, अतुल कुमार तिवारी व उप निरीक्षक अजय यादव प्रभारी एसओजी मय टीम ने मुखबिर की सूचना पर नरहीं मोड़ तिराहा से आगे रामपुर चीट मोड़ पर चेकिंग करने लगे। चेकिंग के दौरान दो पिकअप व एक स्कार्पियों के साथ आठ शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा पिकप गाड़ी के डाले के नीचे स्कीम/कैविटी बनाया गया था, जिसमें शराब छुपायी गयी थी। वहीं, स्कार्पियों की अगली, बीच और पीछे वाली सीट तथा गाडी की छत में बनाये गये स्कीम में शराब छुपायी गयी थी। बरामद वाहनों के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है, जिन पर फर्जी नम्बर प्लेट लगे हैं। पुलिस टीम को शक है कि सभी गाड़िया चोरी की हो सकती हैं।

**पकड़े गए अभियुक्त :** गिरफ्तार अभियुक्त अनीश कुमार ठाकुर पुत्र सुरेश ठाकुर (निवासी सिमरी दुद्धी पट्टी थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार), राहुल कुमार पुत्र स्व. दिलीप प्रसाद (निवासी आकाशी थाना अगरेरे जिला रोहतास बिहार), मनतोष कुमार पुत्र सुनील राम (निवासी सिमरी रामा पट्टी थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार), रीकेश कुमार सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह (निवासी दुल्लह पुर थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार), प्रमोद कुमार पुत्र विजय प्रसाद (निवासी दवनपुरा थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार), अतुल कुमार पुत्र कमलेश प्रसाद (निवासी दवनपुरा थाना सिमरी जिला बक्सर बिहार), मुन्ना कुमार पुत्र विरेन्द्र यादव (निवासी भडसरा थाना बिहिया जिला भोजपुर बिहार) व बुधन प्रसाद पुत्र कामेश्वर प्रसाद (निवासी भडसरा थाना बिहिया जिला भोजपुर बिहार) को पुलिस ने आबकारी एक्ट व सुसंगत धाओं के तहत पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

## कोर्ट में पेड़ का डाल गिरने से घायल

**बलिया।** सिविल कोर्ट परिसर में पश्चिमी कोर्ट के सामने बारिश के चलते एक हरे पेड़ की मोटी डाल अचानक टूट कर गिर पड़ी। जिसमें दबने से एक अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि तीन अन्य लोग भी घायल हो गये। सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भेजवाया गया। सोमवार की सुबह अधिवक्ता अपने-अपने चेंबर में बैठकर वादकारियो का कार्य कर रहे थे। इसी बीच एक पेड़ की डाल अचानक तेज आवाज के साथ गिरने लगा, तेज आवाज को सुनकर अधिवक्ता व वादकारी अपने-अपने दिशा में भागे। जबकि एक अधिवक्ता विकास पांडेय (50) निकासी रेवती कस्बा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में वादकारी बबलू राय, साहिल, अभिमन्यु को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घायलों से मिलने के उपचार के लिए क्रिमिनल बार एसोसिएशन अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र, महासचिव अनिल मिश्र, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्त, सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र दुबे चिकित्सकों से वार्ता किया। घायल अधिवक्ता का उपचार चल रहा है।

## चार दिन बाद अपहरण का मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से चार दिन पूर्व घर से गायब किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में किशोरी के पिता ने बताया कि चार दिन पूर्व उनकी नाबालिग पुत्री भोर से ही लापता है।

परिजनों के द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई पता नही चला । हारकर परिजनों ने पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर बांसडीह योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। अपहता की तलाश की जा रही है।




## खबरें फटाफट

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

बलिया। खेजुरी थानांतर्गत बहेरी-जेठवार मार्ग पर स्थित तालाब में रविवार को नहाते समय डूब कर 20 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। परिवार के इकलौते चिराग की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के मासूमपुर बहेरी गांव निवासी सोनू यादव पुत्र मनजी यादव रविवार को बाजार जाने की बात कह कर घर से निकला। किन्तु वह बहेरी -जेठवार मार्ग पर स्थित तालाब में नहाने चला गया जहां गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। इस बात की जानकारी लोगों को तब हुई, जब एक बुजुर्ग तालाब के किनारे पहुंचा। सोनू के के डूबने की खबर तत्काल जंगल में लगी आग की तरह फैल गया और कुछ देर में ही गांव वालों की भीड़ पोखरा पर इकट्ठा हो गई। इस दौरान पोखरा से उस की लाश को बाहर निकाला गया और पुलिस को खबर कर दी गई।

### तीन के खिलाफ चोरी का केस दर्ज

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के सारंगपुर में एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने गांव के तीन व्यक्तियों के खिलाफ ट्यूबवेल की हुई मोटर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। खरौनि गांव के रणबीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है की उनके सारंगपुर स्थित बोरिंग पर बीती 29 जुलाई को उनकी बोरिंग ट्यूबवेल से उसमें लगा मोटर खोल कर चोरी कर ली गई है। इस संबंध में पुलिस को प्रार्थनापत्र देने के बाद उनके द्वारा पता भी किया गया तो जानकारी हुई कि सारंगपुर के तीन लोगों द्वारा उनका मोटर पंप खोल कर चोरी किया गया है। इस संबंध में जब उनसे पंप वापस करने को कहा गया तो उनके द्वारा जान माल की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि किसान की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहें हैं।

### केबल खींचने का काम कर रही एक प्राइवेट कंपनी पर लगाया जा रहा आरोप

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से काम कर रहे लाइनमैन की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र के जयप्रकाश नगर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात प्राइवेट लाइनमैन 40 वर्षीय सुनिल यादव पुत्र राजाराम यादव निवासी जयप्रकाश नगर की मौत सोमवार को हाईटेंशन विद्युत स्पशार्घात से दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना तब हुई जब वह खंभे पर चढ़कर हाईटेंशन बिजली की लाइन ठीक कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में केबल खींचने का काम कर रही एक प्राइवेट कंपनी के कर्मचारियों के कहने पर उक्त प्राइवेट लाइनमैन हाईटेंशन के खंभे पर चढ़कर लाइन का कुछ काम कर रहा था कि अचानक करंट के जद में आ गया और अचेत होकर खंभे से नीचे गिर गया।



ग्रामीणों ने लाइनमैन उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाए। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में अवर अभियंता सुनील पाल ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र जयप्रकाश नगर पर प्राइवेट के विद्युत कर्मी के रूप में सुनिल यादव की तैनाती थी। सोमवार को क्षेत्र में केबल खींच रहे मोंटे कार्लो कंपनी के कर्मचारियों ने केबल जोड़ने के लिए उसे हाईटेंशन के खंभे पर चढ़ा दिया। जहां विद्युत स्पशार्घात से उसकी मौत हो गई, अवर अभियंता ने बताया कि मोंटे कार्लो कंपनी के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

**सिर्फ कागजों में ही मिलता है सुरक्षा किट :** क्षेत्र में तैनात संविदा और आऊटसोर्सिंग के बिजली कर्मचारी जान हथेली पर रखकर फाल्ट सही करते हैं। इनके लिए सुरक्षा किट समेत अन्य सुविधाएं दिए जाने का दावा महज कागजों तक ही सीमित है। बिजली विभाग इनकी सुरक्षा का ध्यान नही रखती है और बिना सुरक्षा किट के ही फाल्ट को ठीक करने के लिए खंभो पर चढ़ा देती है,जिसका नतीजा होता है कि कभी-कभी फाल्ट ठीक करते समय ही लाइन मैन को करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो जाती है या घायल गंभीर रूप से घायल हो जाते है। वहीं बिजली विभाग आउट सोर्सिंग पर काम करने वाले लाइनमैनो के साथ किसी तरह की दुर्घटना होने पर हाथ खड़ा कर देता है।बिजली के फाल्ट को ठीक करने के लिए लाइनमैनो को खम्भे पर चढ़ने के लिए हाई हाई बोल्टेज डिटेक्टर, हैलमेट, हैंड ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट, फेस कवर फायर प्रूफ जूते व कपड़े होने चाहिए। लेकिन संबंधित जिम्मेदारों द्वारा प्रयाप्त मात्रा में सेफ्टी किट उपलब्ध नहीं कराया जाता है। जिससे आये दिन लाईनमैन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं और उनकी मौत हो जाती है।

**परिजनों को दी जाएगी आर्थिक सहायता :** बिजली विभाग के अवर अभियंता सुनील पाल ने बताया कि जयप्रकाश नगर में लाइनमैन सुनील यादव के मौत के लिए मोंटे कार्लो कंपनी के कर्मचारी जिम्मेदार हैं। बगैर शटडाउन लाईनमैन को खंभें पर चढ़ा दिए थे। जिसके चलते हाईटेंशन विद्युत स्पशार्घात से सुनील यादव की मौत हो गई। मोंटे कार्लो कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। साथ ही, विभाग द्वारा भी नियमानुसार मृतक लाइनमैन के परिजनों को सहायता देने की कार्रवाई की जायेगी।




## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत गंभीर स्थिति में घायल रेफर

**बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के मनियर बलिया मार्ग पर छितौनी नोजा कान्वेंट स्कूल के आगे एक ऑटो पलट जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक का इलाज हेतु बलिया ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक युवक को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक फरार हो गया। उसके बाद ऑटो को ऑटो मालिक अपने घर लेकर चला गया, जहां से पुलिस आटो को अपने कब्जे में ले ली है।

घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह करीब 6 बजकर 20 मिनट पर मनियर से ऑटो सवारी भरकर बांसडीह जा रही थी कि अचानक ब्रेक लेने के कारण ऑटो असंतुलित होकर मनियर बलिया मार्ग पर छितौनी नोजा कान्वेंट स्कूल के आगे पलट गई। ऑटो में सवार गंभीर रूप से घायल भैरव सिंह का बेटा प्रशांत कुमार सिंह व



हृदयानंद पासवान का बेटा गोलू पासवान सिनेमा हॉल के समीप सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे। लगभग 40 मिनट तक सड़क पर छटपटाते रहे। ऑटो में सवार यात्री एवं ड्राइवर वहां से खिसक गये। बाद में मनियर के तरफ से पहुंची एक ऑटो ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर लाया जहां से गंभीर स्थिति में दोनों को जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया गया। बीच रास्ते में प्रशांत कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं गोलू पासवान को गंभीर स्थिति में वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

## जेएनसीयू में मनाया गया विश्व स्तनपान दिवस

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विवि, में कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। अतिथि डॉ. आराधना मिश्र, बीएएमएस, बीएचएमएस व डीएनवाईएस इनफर्टिलिटी, बक्सर की सीईओ रहीं। डॉ. आराधना ने कहा कि ब्रेस्टफीडिंग बच्चों के लिए अमृत के समान है। स्तनपान करने वाले शिशु को पर्याप्त मात्रा में संतुलित पोषण मिलता है। इसके जरिए शिशु को कई तरह की एंटीबॉडीज मिलती हैं, जो शिशुओं को अनेक प्रकार के संक्रमण और दूसरे कई रोगों से बचने के लिए जरूरी इम्यूनिटी प्रदान करती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से माता एवं शिशु संबंधित मृत्यु तथा जीवन आंकड़ों में कमी करने में सहयोग कर पाएंगे। हमारे देश की महिलाएं सशक्त हैं, उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय स्तनपान परंपरा के प्राचीनतम रूप का उल्लेख किया।




### जिले में बढ़ा को खतरे को देख दूबेछपरा में कटानरोधी कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

# बाढ़ का पानी डेंजर बिंदु तक पहुंचने की आशंका

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सोमवार को दूबेछपरा में बाढ़ व कटान रोकने के लिए हो रहे कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा बाढ़ खण्ड के अभियंताओं को निर्देश दिया कि गंगा नदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए हमेशा अलर्ट मोड पर रहें। हमेशा तटबंधों पर निगरानी बनाये रखें।

बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता संजय मिश्र ने बताया कि जल्द ही बाढ़ का पानी डेंजर बिंदु तक पहुंचने की संभावना है। इसके लिए बाढ़ खण्ड के समस्त अभियंता अपनी टीम के साथ पूरी तरह मुस्तैद हैं। जिलाधिकारी ने गंगा किनारे के लोगों से बातचीत की और वहां हुए



कार्य के बारे में जानकारी लेते हुए उनकी संतुष्टि के बारे में पूछा। लोगों ने वहां बने ठोकरों और जिओ बैग में बालू भरकर हुए कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की।

जिलाधिकारी ने गांव के लोगों को सरकार की ओर से कराये जा रहे कार्यों में सहयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोगों को जान माल की क्षति से बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रशासन को हमेशा अलर्ट मोड में रखें। लोगों को शुद्ध पानी, प्रकाश व्यवस्था जैसी अन्य मूलभूत सुविधाओं का हमेशा ख्याल रखने को निर्देश दिया।

**कटान आबादी तरफ न हो, यह सुनिश्चित कराएं :** जिलाधिकारी ने दुबे छपरा स्थित कन्हाई ब्रह्म बाबा के स्थान पर हो रहे कटानरोधी कार्य का निरीक्षण किया। हर हाल में यह सुनिश्चित करना है कि कटान आबादी की तरफ नहीं हो। ग्रामीणों से भी कटान रोधी कार्य में सहयोग करने की अपील की। एसडीएम आत्रेय मिश्र को निर्देश दिया कि बाढ़ कटान से निपटने के लिए हर चीज की तैयारी पहले से पूरी होनी चाहिए। लेखपाल सचिव और दो कांस्टेबल की ड्यूटी 24 घंटा लगाई जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल सहायता किया जा सके। एसडीएम ने बताया कि बाढ से निपटने के लिए ग्रुप बना है। जिसके जरिए सम्बन्धित अधिकारी हर सूचना से अपडेट रह रहे हैं। जिलाधिकारी ने मौके पर कन्हई ब्रह्म बाबा के स्थान पर मत्था टेकते हुए ग्रामवासियों की कुशलता की कामना की।

# सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत जिले में पहले चरण का हुआ शुभारंभ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथीखाना पर सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तहत पहले चरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक पाल ने किया। इस अवसर पर पीएचसी पर आयोजित नियमित टीकाकरण सत्र में सीएमओ और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके मिश्रा ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। साथ ही मीजिल्स-रूबेला की दूसरी डोज भी लगाई गई। इसके अतिरिक्त समस्त 16 ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी अभियान की शुरूआत हुई।

सीएमओ डॉ. पाल ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान में किसी कारणवश छूटे पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती को प्रतिरक्षित करने के लिए अभियान का पहला चरण सोमवार से शुरू हुआ। यह चरण 12 अगस्त तक चलेगा। सीएमओ ने परिजनों से अपील किया कि वह अपने बच्चे का टीकाकरण कराएं और आसपास के लोगों को बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करें। कोई भी बच्चा छूटा हो तो उसका टीकाकरण अवश्य कराएं। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। टीका लगने के बाद सामान्य बुखार हो सकता है, इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा गंभीर स्थिति या प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को रैपिड रिस्पांस टीम तैयार की गई है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने सैदपुर पीएचसी के अंतर्गत आयोजित टीकाकरण सत्रों का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के पहले चरण के लिए जिले के छूटे पांच वर्ष तक के 1500 बच्चों और 100 गर्भवती को टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। सोमवार को लगभग 369 टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। अभियान में बच्चों को प्रमुख रूप से मिजिल्स-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। साथ ही गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाएगा। यह टीका गर्भवती को दिए जाने से उनका व उनके गर्भस्थ शिशु का टिटनेस व डिप्थीरिया (गलघोंटू) रोग से बचाव करता है। इसके साथ ही बच्चों को 11 बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगाया जाता है। जिनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटेनस, पोलियो, क्षय (टीबी), हेपेटाइटिस-बी, मैनिंजाइटिस, निमोनिया, हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप-बी संक्रमण, डायरिया रोटा वायरस और खसरा-रूबेला (एमआर) शामिल हैं।

## शौच करने गई बालिका के साथ दुष्कर्म

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। पीडीडीयू नगर के एक रेलवे कालोनी में निष्प्रयोज्य हो चुके क्वार्टर में रहने वाली एक बालिका संग दुष्कर्म का मामला सामने आया है । घटना उस वक़्त घटी जब बालिका घर से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक किनारे शौच के लिए गयी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका का मेडिकल कराया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। एक रेलवे कॉलोनी में रहने वाली महिला ठेकेदारी प्रथा पर स्टेशन पर सफाई का कार्य करती है । सोमवार की सुबह उसकी सात वर्षीया पुत्री शौच के लिए रेलवे ट्रैक किनारे गई हुई थी। पीड़िता की मां के अनुसार शौच से कुछ देर बाद उसकी पुत्री रोते हुए घर आई। मां ने देखा कि उसके पैरों के पास खून लगा हुआ है। यह देखकर उसकी मां हैरान रह गई । बाद में उसने अपनी आप बीती मां को सुनायी। घटना की जानकारी होने बाद पीड़िता के भाई ने इसकी सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी। सूचना मिलते सीओ अनिरुद्ध सिंह समेत अलीनगर थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

# बिना छुट्टी के लापता सिपाही को पुलिस ने किया बरामद

**केटी न्यूज/चंदौली**



बिना छुट्टी लिए पिछले छह दिनों से लापता सिपाही कौशलेंद्र कुमार को पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया। उसे पुलिस टीम वापस ला रही है। चंदौली पहुंचने पर उससे पूछताछ की जाएगी। इसके बाद विभाग कार्रवाई कर सकता है। सिपाही चंदौली से एमपी के छतरपुर होते हुए गुजरात के कच्छ चला गया, लेकिन महकमे में किसी को इसकी सूचना नहीं दी। सिपाही के अचानक लापता होने से विभाग में खलबली मची थी।

कौशलेंद्र कुमार जिला न्यायालय में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात था। ड्यूटी करने के बाद असलहा जमा कर अपने कमरे में सोने गया था। उसी दौरान अचानक गायब हो गया। इसके बारे में विभाग को नहीं बताया और न ही छुट्टी ली थी। घरवालों को भी कुछ नहीं बताया। इससे परेशान घरवाले थाने के चक्कर काट रहे थे। सिपाही के लापता होने की सूचना के बाद महकमे में खलबली मच गई। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। वहीं सर्विलांस के जरिये पुलिस ने उसकी लोकेशन का पता लगाना शुरू किया। पहले उसकी लोकेशन एमपी के छतरपुर में मिली। उसके बाद दूसरी लोकेशन गुजरात के कच्छ में मिली। सिपाही अपने रिश्तेदार के यहां कच्छ चला गया था। सिपाही की लोकेशन पता चलने के बाद उसकी बरामदगी के लिए चंदौली से पुलिस टीम गई थी।

## खबरें फटाफट

### रिंग रोड के निर्माण के दौरान किसानों का प्रदर्शन

**चंदौली।** रिंग रोड निर्माण के दौरान किसानों के खेतों की जुताई व आवागमन के लिए रास्ता नहीं छोड़े जाने से आक्रोशित कोरी गांव के किसानों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। लगभग दो घंटे बाद पहुंचे ठेकेदार द्वारा रास्ता बनाए जाने के आश्वासन पर किसान शांत हुए। क्षेत्र के दर्जनों गांवों से होकर रिंग रोड का निर्माण अंतिम दौर में चल रहा है। किसानों के खेतों में कृषि कार्य करने के लिए कोई रास्ता आवागमन के लिए नहीं बनाए जाने से आक्रोशित कोरी गांव के किसानों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। चेताया कि ठेकेदार की मनमानी के कारण रिंग रोड से खेतों तक जाने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया है। जिससे हम लोगों को खेती-बाड़ी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### विभिन्न दलों का 50 घंटों का सामूहिक भूख हड़ताल शुरू

**गाजीपुर।** मणिपुर के हालात, आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी, गरीबों पर बढ़ते जुल्म और पुस्तैनी जमीनों से बेदखली, किसानों से एमएसपी पर वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। डीएम कार्यालय के समक्ष 50 घंटे का सामूहिक भूख हड़ताल शुरू की गई। भाकपा माले, अखिल भारतीय किसान महासभा, अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा, ऐपवा, इनौस के तत्वावधान में 07 अगस्त से भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, ऐपवा जिला अध्यक्ष चन्द्रावती बिन्द, रूदल कुशवाहा, रामबदन बिन्द, रामायन बनवासी, मुसाफिर बनवासी का सामुहिक भूख हड़ताल जारी हुआ। भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में ध्वस्त कानून व्यवस्था का विरोध करने वाले हमारी पार्टी के नेताओं पर थाना खानपुर में फर्जी मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न किया जा रहा है, जिस पर तत्काल पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मिला जिसमें जांच कराकर फर्जी मुकदमा वापस लेने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक मुकदमा वापस नहीं हुआ।

## मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मनेगा आजादी का अमृत महोत्सव

# लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना मुख्य उद्देश्यः डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत ह्यमेरी माटी, मेरा देश (09 से 30 अगस्त 2023) एवं हर घर तिरंगा (13 से 15 अगस्त 2023) अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन सहभागिता के साथ मनाए जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर विगत वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त 2022 तक उल्लास एवं गरिमा के साथ प्रदेश के 5.25 करोड़ आवासित घरों/सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा फहराते हुए प्रदेश में जनपद ने अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया था। सचिव, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त 2023 तक उसी उत्साह एवं राष्ट्रीयता की भावना से हर घर तिरंगा अभियान चलाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

**स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है :** जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। 13 से 15 अगस्त 2023 के मध्य जनपद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए कार्रवाई की जानी है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, राशन की दुकानों, नलकूपों आदि पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झंडा फहराए जाने का निर्देश दिया।

**पूर्व की भांति निर्धारित दायित्व दिया जाए :** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए समस्त सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, स्वास्थ्य कार्यकताओं, आंगनबाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि को पूर्व की भांति निर्धारित दायित्व दिया जाए तथा उक्त दायित्वों के निर्वहन किया जाए। पुलिस विभाग के पब्लिक एड्रेस सिस्टम क्रियाशील रहे। 13 से 15 अगस्त 2023 तक समस्त सरकारी भवनों में तिरंगा लाईटिंग कराई जाए।

## सभी अमृत सरोवरों एवं ग्राम सचिवालयों पर होगा ध्वजारोहण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में पंद्रह अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कराने एवं भव्य आयोजन लिए जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने 15 अगस्त को निकाली जाने वाली प्रभातफेरी एवं अन्य आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंन बताया कि प्रातः साढ़े छह बजे से सात बजे तक क्रासकन्ट्री रेस का अयोजन नेहरू स्टेडियम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिला क्रीड़ा अधिकारी की देखरेख में होगा। इस दिन प्रातः 7.00 से 7.45 बजे तक स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जो नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कलेक्ट्रेट पर समाप्त होगी। इस प्रभात फेरी में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान होगा। तत्पश्चात स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों/आश्रितों तथा शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अमृत सरोवरों, ग्राम सचिवालयों पर ध्वजारोहण तथा प्रकाश की व्यवस्था की जाए। 13 से 15 अगस्त तक सभी ऐतिहासिक इमारतों/शहीद स्थलों एवं उनके मूर्तियों पर, शिक्षण संस्थानों , शासकीय कार्यालयों व भवनों पर तिरंगा, प्रकाश की व्यवस्था का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी अपने संबंधित संचालित वृद्धाश्रम एवं अन्य केन्द्रों पर ध्वजारोहण एवं मिष्ठान वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। जनपद के स्वास्थ्य उपकेन्द्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों की मलिन बस्तियों में सफाई एवं ध्वजारोण कराने का निर्देश दिया।

## नाराज सफाई कर्मियों ने ईओ की गाड़ी पर फेंका कूड़ा

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** पिछले कई माह से वेतन न मिलने से नाराज नगर पालिका पीडीडीयू नगर के सफाईकर्मी लामबंद हो गए हैं। सफाईकर्मियों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर खड़ी ईओ की गाड़ी पर ही कूड़ा फेंक दिया। अधिशासी अधिकारी का घेराव करते हुए जल्द से जल्द वेतन दिए जाने की मांग की। सफाईकर्मियों का वेतन कई माह से बकाया है। कर्मी पिछले काफी दिनों से वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं, हालांकि अधिकारियों की ओर से इस पर कोई समुचित कार्रवाई नहीं हो रही है। पिछले दिनों भी कर्मियों ने नगर पालिका कार्यालय में जमकर हंगामा किया था। किसी तरह समझा-बुझाकर उन्हें शांत किया गया था। ठेकेदार ने इस संबंध में ईओ से बात कर जल्द से जल्द वेतन भुगतान का भरोसा दिलाया था। सफाईकर्मियों का धैर्य सोमवार को जवाब दे गया। कर्मियों ने नगर पालिका कार्यालय में ईओ का घेराव किया। वहीं बाहर खड़ी स्कार्पियो पर कूड़ा फेंक कर विरोध जताया।




## विश्व स्तनपान दिवस का जनपद में धूमधाम से हुआ समापन

# स्तनपान कराने से जच्चा-बच्चा दोनों रहते ही स्वस्थ

**केटी न्यूज/चंदौली**

मानव कल्याण एवं विकास संस्था द्वारा संचालित चंदौली हॉस्पिटल एवं एमबी नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज के विशाल कक्ष में विश्व स्तनपान सप्ताह दिवस का समापन कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। उक्त अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए तमाम मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से भी तमाम कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

बतौर मुख्य अतिथि और उप जिलाधिकारी सदर चंदौली दिग्विजय प्रताप सिंह ने विश्व स्तन पान दिवस पर बोलते हुए कहा कि अगर मां शिशु के जन्म देने के तुरंत बाद से से अपना दूध छह माह तक पिलाती है तो जच्चा बच्चा जीवन भर स्वस्थ रहेंगे और आगे चलकर वही बालक अपनी मां के दूध के कर्ज को समझता है, और वही मां वात्सल्यमयी माता कहलाने की अधिकारी होती है। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर युगल किशोर राय ने अपने संबोधन में कहा कि जब मां बच्चे को जन्म देती है उस समय स्तन में कुछ बूंद दूध आता है वही दो-तीन बूंद जब बच्चे के मुंह में जाता है तो बच्चे में शक्ति आ जाती है और बालक में जीवन का संचार शुरू हो जाता है और मां का दूध भी बढ़ना शुरू हो जाता है। मुख्य चिकित्सा चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अपना दूध पान कराने से मां को कभी भी ब्रेस्ट कैंसर नहीं हो सकता है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह ने कहा कि मां के दूध के कर्ज से बड़ा कोई कर्ज हो ही नहीं सकता है। जो नवजात शिशु अपनी मां का स्तनपान 6 माह तक किया है वह बालक कभी भी अपने मां के दूध के अपमान को बर्दाश्त ही नहीं कर सकता है।

अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि सर्वेश कुशवाहा ने कहा कि हमारी सुंदरता कायम रहे इसलिए आज की आधुनिक मां अपने बच्चे को स्तनपान कराना पसंद नहीं करती। बाहरी दूर से अपने बच्चे का पेट भरती हैं वही बच्चा वाला आगे चलकर रोगी हो जाता है और अपने माता पिता को वृद्ध आश्रम में भेज देता है। इसलिए हर मां को अपने बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए संस्था के चेयरमैन डॉक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने कहा कि जो माताएं इस भ्रम में रहती हैं कि स्तनपान कराने से,पहले शहद जन्म घुट्टी पिलाना चाहिए वह भ्रम की शिकार है यह सब नुकसानदायक है इन सब से तमाम रोग हो सकते हैं। अगर मां अपने नवजात शिशु को जन्म से 6 माह तक स्तनपान कराती है तो शिशु को डायरिया इत्यादि रोग होंगे ही नहीं। अंत में चेयरमैन डॉ बीके वर्मा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फेंकन प्रसाद ,एसके गुप्ता ,शिखा काजल, आकांक्षा, लक्ष्मी, अमित सिन्हा, दिलीप, राघवेंद्र ,लक्ष्मी, शिवकुमार, नदीम वैशाली, रिंकू इत्यादि शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विरेंद्र कुमार एवं विनीता गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।



### जिलाधिकारी ने की 50 लाख रुपए से अधिक की योजनाओं की समीक्षा

# निर्माणधीन योजनाओं को करें पूरा: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जनपद में रु. 50 लाख अथवा उससे अधिक लागत की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था पैकफेड, सिडको, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, यूपीपीसीएल, सीएंडडीएस, लेकफेड, उ.प्र. पुलिस आवास निगम लिमिटेड, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य कार्यदाई संस्थाओं द्वारा जनपद में निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा की।

कार्यदाई संस्था पैकफेड के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता पैकफेड ने बताया कि जनपद में संस्था द्वारा कुल 5 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जिनमें राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर (70%) वनदेवी पार्क का जीर्णोद्धार एवं गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य (78%) राजकीय महिला आईटीआई का निर्माण कार्य (97%) हकीकत पुरा में सद्भाव मंडप का निर्माण कार्य (27%) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बभनपुरा में निर्माण कार्य (97%) पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि कुछ परियोजनाओं में धनाभाव के कारण कार्य अभी बंद है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बभनपुरा वे अभी भी कुछ कार्य शेष होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पैकफेड को इस माह में सारे कार्य पूर्ण करते हुए हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिन परियोजनाओं में घनाभाव के कारण कार्य रुका हुआ है, उनमें शीघ्र ही उपभोग प्रमाण पत्र भेजने एवं कार्यों में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। सिडको द्वारा जनपद में निमार्णाधीन 3 परियोजनाएं क्रमशः ग्राम्य विकास संस्थान दोहरीघाट रिनोवेशन कार्य, थाना रामपुर में अनावासीय भवन एवं आवासीय भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता सिडको ने बताया कि वर्तमान में 2 परियोजनाओं, ग्रामीण विकास संस्थान दोहरीघाट रिनोवेशन कार्य एवं थाना रामपुर ऑन आवासीय भवन में अभी धन प्राप्त नहीं है, परंतु वहां पर भी कार्य प्रगति पर है।।कार्यदाई संस्था आवास एवं विकास परिषद द्वारा जनपद में ग्राम मझवारा में सीएचसी का निर्माण कार्य (97%) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घोसी में भवन निर्माण कार्य (98%) तथा जनपद न्यायालय मऊ में परिवार न्यायालय का निर्माण कार्य (29%) पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को मझवारा में निमार्णाधीन सीएचसी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान घोसी के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए इस माह हैंडओवर करने के निर्देश दिए। यूपीपीसीएल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेमडाड में टाइप वन एवं टाइप टू आवासीय भवनों हेतु पुराने भवनो की अभी तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर एनओसी प्राप्त ना होने के कारण आवासीय भवनों का निर्माण ना होने पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मृत होमगार्ड जवान के बेटे को डीएम ने दिया चेक

**मऊ।** ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत होमगार्ड जवान जयप्रकाश यादव के पुत्र अमित कुमार यादव को विभाग में नौकरी दिए जाने के बाद आज एचडीएफसी बैंक द्वारा जिलाधिकारी अरुण कुमार के माध्यम से 30 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। सितंबर-2022 में सड़क दुर्घटना में मृत हुए होमगार्ड जयप्रकाश यादव का वेतन भुगतान एचडीएफसी बैंक के सेलरी एकाउंट के माध्यम से किया जाता था। बैंक में सैलरी अकाउंट होने के कारण मिलने वाली सुविधाओं के तहत मृत होमगार्ड के आश्रितों को बिना किसी दुर्घटना बीमा के 30 लाख रुपये का चेक भुगतान बैंक द्वारा किया गया। एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक मेहरान अली खान ने कहा कि बैंक में केवल सेलरी एकाउंट होने के कारण मृत होमगार्ड के पीड़ित परिजनों को 30 लाख रुपये की मदद बैंक की गई है।

## मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**केटी न्यूज/मऊ**

जनपद में सावन के पांचवें सोमवार को शिव मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। हर हर महादेव, जय शिव शंकर, और बोल बम के नारों से संपूर्ण जिला गुंजायमान रहा ।श्रावण के पांचवे सोमवार को जनपद के सभी शिव मंदिरों पर आकर्षक सजावट की गई तथा शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर उन्हें बेलपत्र अर्पित कर अपने को धन्य माना ।बड़ी संख्या में भक्तों ने तमसा नदी से कांवड़ में जल भरकर विभिन्न मंदिरों पर पहुंचे जहां जलाभिषेक कर हर हर महादेव के गगनभेदी नारे लगाए केसरिया वस्त्र धारण किए शिव भक्तों का हुजूम संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं भी केसरिया वस्त्र में



मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शिव की पूजन से जन्म धन्य होंई, सब कर लागी बेड़ा पार ,जैसे लोकगीत गीत से भगवान शिव के भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को सोमवती अमावस्या होने के चलते महिलाओं द्वारा भोर से ही पीपल के पास पूजन अर्चन करने की भीड़ लगी रही और उन्हीं के चलते शिवालयों पर सोमवार को काफी भीड रहा।

## एनवाईके ने जल संचयन का दिया संदेश

मऊ। राष्ट्रीय जल मिशन के सहयोग से नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में बरसात के जल को संरक्षण करके गिरते हुए भूगर्भ जल के स्तर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कैच द रेन कार्यक्रम फेस 3 के अंतर्गत राष्ट्रीय डीसीएसके स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में आम जनमानस तथा महाविद्यालय के छात्रों व स्वयंसेवकों द्वारा जल शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत धोबिया लोक नृत्य टीम के कलाकार सलटू राम ने गीत के माध्यम से और हिमांशु गुप्ता ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ सीपी राय ने युवा शक्ति को राष्ट्रीय विकास के प्रमुख कार्यक्रम जल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन की प्रथम आवश्यकता पानी है और इस पानी को बचाने के लिए भारत सरकार ने कैच द रेन कार्यक्रम का तीसरा चरण चला रखा है।







